
# 2020/21

# ANNUAL REPORT




GURUKUL SPASTIC SOCIETY
13-A, CHANCHAL VATIKA,
ANAND VIHAR-A, BINJARI
MARG, BENAR ROAD, DADI
KA PHATAK JHOTWARA,
JAIPUR-302012
PHONE NO.0141-2348967,
7073677767, 9829777773

Scanned by CamScanner

संचालित गतिविधियां – संस्था विकलांगता के क्षेत्र में सफलतापूर्वक पुनर्वास के लिए कार्यरत है जिसमें सभी प्रकार की विकलांगता के लिए संस्था द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः–

1. मानसिक दिव्यांग,
2. शारीरिक दिव्यांग,
3. मूक बधिरता
4. **ADHD,**
5. ऑटिज्म,
6. सी.पी.

संस्था में प्रत्येक गुरूवार को यज्ञ का आयोजन किया जाता है जिसमें संस्था के बच्चे गायत्री मंत्र का मंत्रोच्चार करते हैं। एवं धार्मिक एवं नैतिक विकास को विकसित करते हैं। संस्था में लगभग 161 दिव्यांगजन विशेष शिक्षण–प्रशिक्षण व व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए प्रवेशरत है।





संस्था द्वारा संचालित प्रोजेक्टः–

*1. माईलस्टोन थैरेप्यूटिक, शिक्षण एवं पुनर्वास केन्द्र*
*2. आकार स्पेशल स्कूल फॉर एच आई*
*3. उडान व्यवसायिक ट्रेनिंग सेन्टर*
*4. एन्जल्स स्कूल फॉर इन्टेलेक्चुअल डिसएबल्ड, दिव्यांग*



5. Human Resource Development Project –
   1. Gurukul Spastic Teacher Training Institute D.Ed.S.E.(I.D.)
   2. Gurukul Spastic Teacher Training Institute D.Ed.S.E.(H.I.)

सुविधाऐं – विशेष शिक्षा – सभी केटेगरी के बच्चों को उनकी आवश्यकता, आई. क्यू , योग्यता व शारीरिक क्षमता के अनुसार शिक्षण–प्रशिक्षण कर पुनर्वास किया जाता है। जिससे बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में समाज की मुख्य धारा से जोडा जा सके। इसके लिए संस्था के सभी प्रशिक्षित विशेष अध्यापक अपना योगदान दे रहे हैं। संस्था में सभी अध्यापक विशेष प्रशिक्षित व R.C.I. में पंजीकृत हैं।

SECRETARY
GURUKUL SPASTIC SOCIETY
Chanchal Vatika, Anand Vihar-A, Bijari Marg,
Benar Road Dadi Ka Phatak, Jhotwara, Jaipur

Scanned by CamScanner

**Psychotherapy** – सभी बच्चों का विशेष शिक्षण–प्रशिक्षण प्रोग्राम को मनोवैज्ञानिक के Assisment व आई. क्यू के अनुसार कक्षा विभाजन कर विशेष शिक्षण–प्रशिक्षण के लिए लिया जाता है।







**Prayer**. प्रातःकाल जब बच्चें स्कूल आते है तो Prayer होती है तथा साथ में सभी बच्चों से Physical Exercise भी करवाई जाती है ।




**Adapted Furniture**. सभी बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार अनुकूलित फर्नीचर की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। जिससे बच्चे आरामदायक व अधिक एकाग्रता से विशेष शिक्षण–प्रशिक्षण ले सकें।


Scanned by CamScanner

➢ **Occupational/Physiotherapy** – सभी शारीरिक विकलांग व ऑटिज्म बच्चों को ऑक्युपेशनल थैरेपी व फिजियोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। जिससे शारीरिक दिव्यांग अधिक सरलता से अपनी शारीरिक गतिविधियां कर कियाकलाप मे सहभागिता निभा सके।








➢ **Speech Therapy** – जिन विषेष दिव्यांगजन को बोलने से सम्बन्धित समस्या होती है। ऐसे बच्चों की नियमित अन्तराल से स्पीच थैरेपी की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। जिससे बच्चों में बोलने से सम्बन्धित समस्या कम हो, बोलना हो सके व बच्चें अपनी भावनाओं को बोलकर बता सकें।





➢ **Speech Therapy for Hearing Impairment** – संस्था के सभी मूक– बधिर बच्चों को नियमित स्पीच थैरेपी दी जाती है। सभी मूक–बधिर बच्चों को Hearing aids के साथ नियमित बोलने का अभ्यास करवाया जाता है।




SECRETARY
GURUKUL SPASTIC SOCIETY
Chanchal Vatika, Anand Vihar-A, Bindayaka Marg, ... Ka Phatak, Jhotwara, Jaipur



Scanned by CamScanner

> **Audiogram Facilities** – संस्था के मूक–बधिर बच्चों के लिए ऑडियोग्राम सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसके तहत बच्चों की श्रवण जाँच कर श्रवण क्षति के अनुसार बच्चें के शिक्षण प्रशिक्षण की प्रोग्रामिंग की जाती है।






> **Barrier Free Environment** – संस्था के भवन को विशेष बच्चों की ;शारीरिक योग्यता के अनुसार अनुकूलित बनाया गया है। जिससे विशेष शारीरिक दिव्यांगता वाले बच्चों को सुविधा रहे व संस्था प्रागण में आराम से घूम फिर सके। जैसे कि रेलिंग एवं रैम्प आदि ।






> **Toilet** - wheel chair bound दिव्यांग के लिए अनुकूलन। जिससे बच्चे टॉयलेट व शौच के लिए सुगमता से आ–जा सके। Female & Male के लिए अलग–अलग टॉयलेट की सुपिधा है ।





SECRETARY
OCIETY



Scanned by CamScanner

> **Vocational Training** – जो बच्चे ऐसे हैं जिनको व्यवसायिक





प्रशिक्षण दिया जा सके। उनको संस्था द्वारा व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे बच्चों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके। जैसे, दोने बनाना, अगरबत्ती बनाना, वायरिंग का काम, आर्ट एवं क्राफट, एम्ब्रोइडरी, क्लॉथ पेन्टिंग, स्पाइरल बाइडिंग, लेमीनेशन आदि।





> **जनचेतना कार्यक्रम** :– संस्था समय–समय पर समाज में जागरूकता लाने के लिए तथा मानसिक व शारीरिक दिव्यांगजनों के प्रति गलत धारणाओं को समाज से मिटाने के लिए जागरूकता रैली व कैम्प का आयोजन करती है। जिससे इन विशेष दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोडा जा सके तथा अधिक से अधिक बच्चे विशेष शिक्षण–प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन सके ।

> **Early Intervention** :– जो बच्चे 4 वर्ष के कम आयु के होते हैं। उनके लिए संस्था द्वारा शीघ्र हस्तक्षेपण कार्यक्रम चलाया जाता है। जिससे बच्चों की समस्या के बारे मे Early Age में पता चल सके व उनकी समस्या के अनुसार उसका हस्तक्षेपण किया जा सके। जैसे, दैनिक जीवन के क्रियाकलाप, शारीरिक, मानसिक विकास व शिक्षा को मुख्यतः देखा जा सके।



>









SECRETARY
GURUKUL SPASTIC SOCIETY
Anand Vihar-A, Binjari Marg, ... Jaipur

Scanned by CamScanner







➤ **भ्रमण** – संस्था बच्चों को प्रत्येक 3 महीने के अन्तराल में पिकनिक पर ले जाती है। जिससे बच्चे बाहर के वातावरण के बारे में जान सके। ये कार्यक्रम हमेशा चलता है।








➤ **त्यौहार सेलिब्रेशन** – संस्था भारतीय संस्कृति के सभी त्यौहार इन बच्चों के साथ बडे धूम–धाम से मनाती है। जिसमें बच्चों को त्यौहार की परम्परा व मान्यता के बारे में बताया जाता है तथा केक काटा जाता है। बच्चों को मिठाईयाँ वितरित की जाती हैं। जिससे सभी बच्चे बडे खुश होते हैं। तथा उत्साहवर्धन होता है।

➤ संस्था उन सभी महापुरूषों की जयंती मनाती है जिन्होनें भारत को स्वतंत्र कराने, विकास व प्रगति के लिए अपना योगदान दिया है।

SECRETARY

Scanned by CamScanner

➢ खेलकुद कियाकलाप – संस्था








स्पेशल ऑलम्पिक से हमेशा जुडी रहती है जिससे संस्था के अधिक से अधिक बच्चे स्पेशल ऑलम्पिक से जुड कर संस्था का नेतृत्व करें एवं संस्था, राज्य व देश का नाम रोशन कर सके।

➢ **Human Resource development Programme** – संस्था द्वारा मानसिक व मुक बधिर दिव्यांगता में D.Ed.Spl.(I.D.) & D.Ed.Spl.(H.I.) का कोर्स संचालित है। जिससे संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष 55 बच्चे Human Resource के रूप में कोर्स करके विशेष बच्चों के शिक्षण–प्रशिक्षण के लिए काम करते हैं। यह कार्यक्रम संस्था द्वारा 2015 से चलाया जा रहा है।

➢ वाहन सुविधा :– सभी बच्चों को घर से लाने व ले जाने के लिए संस्था द्वारा वाहन सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। जिससे सभी बच्चे संस्था में आ सकें व विशेष
शिक्षण–प्रशिक्षण ले कर अपने शारीरिक व मानसिक विकास में वृद्वि कर जीवन में आने वाली समस्या को कम कर सके व समाज की मुख्य धारा से जुड सकें।







Scanned by CamScanner

- होम बेस्ड प्रोग्राम – ऐसे बच्चे जो शारीरिक दिव्यांगता या अन्य कारण से संस्था में नहीं आ सकते हैं उनके लिए होम बेस्ड सर्विस उपलब्ध करवाई जाती है। जिसमें विशेष शिक्षण–.प्रशिक्षण द्वारा घर पर ही बच्चे का विकास सकारात्मक हो। इसके लिए संस्था विशेष अध्यापकों को प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार को बच्चों के लिए नियमित निःशुल्क होम सर्विस सुविधा उपलब्ध करवाती है।



- चिन्हीकरण – संस्था ग्रीष्म कालिन अवकाश के दिनों में संस्था अपनें विशेष शिक्षको द्वारा डोर डोर सर्वे करवा कर विशेष योग्यता व आवश्यकता वाले दिव्यांगजनों का चिन्हीकरण करवाती है। जिनको जुलाई में विशेष शिक्षण–प्रशिक्षण के लिए संस्था में लाकर उनको शिक्षण–प्रशिक्षण दिया जा सके और उनके मानसिक और शारीरीक विकास को बढाया जा सके।

SECRETARY
GURUKUL SPASTIC SOCIETY
Chanchal Vatika, Anand Vihar-A, Binjari Marg,
Benar Road Dadi Ka Phatak, Jhotwara, Jaipur

Scanned by CamScanner

## अप्रेल 2020

कुल छात्र संख्या:- 158

COVID-19 के कारण 23 मार्च 2020 से जून 2020 तक पूरे देश में सम्पूर्ण लोकडाउन रहा जिसके चलते सभी सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थाऐ पूर्णतया बन्द रही । इस पेन्डेमिक समय में संस्था के सभी कर्मचारियों ने धर पर रहकर संस्था के कार्य को किया।

## जून 2020

कुल छात्र संख्या:- 158

21.06.2020 कसे संस्था ने ऑन लाइन योगा दिवस का आयोजन कीया गया । इस आयोजन में संस्था में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के अभिभावक व बच्चों ने भाग लिया ।









Scanned by CamScanner

## जुलाई 2020

कुल छात्र संख्या:— 158



01 जुलाई 2020 को ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने पर संस्था का नया सेशन शुरु कीया गया तथा जुलाई 2020 से COVID-19 के कारण संस्था के 50 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ संस्था की गतिविधियों को संचालित किया गया। इस सम्पूर्ण सेशन में कर्मपारियों ने बौद्विक अक्षम एवं मूक बधिर छात्र–छात्राओ को Online शिक्षण प्रशिक्षण दिया गया ।


**जून जुलाई में** D.Ed. **में प्रवेश** लेने वाले बच्चों को प्रवेश दिया गया, जिसमें D.Ed.Spl.(I.D.) मे कुल 30 तथा D.Ed.Spl.(HI) मे कुल 25 स्टूडेन्ट्स को प्रवेश दिया गया। जिसमें सभी वर्ग के विद्यार्थियों को RCI की Guidline के अनुसार प्रवेश दिया गया।

## अगस्त 2020

कुल छात्र संख्या:— 158

01.08.2020 से संस्था ने मानसिक विमन्दित एवं मूक बधिर दिव्यांगों के लिए ऑन लाईन कक्षाओं का नियमित संचालन कीया जिसमें सभी अभिभावकों ने भाग लिया ।









Scanned by CamScanner

15.08.2020 को संस्था द्वारा संस्था प्रांगण मे स्वतंत्रता दिवस **मनाया गया** जिसमें Covid-19 के कारण संस्था के कर्मचारियों द्वारा झंडा रोहण कर मनाया गया ।





## सितम्बर 2020

**कुल छात्र संख्याः— 158**

05.09.2020 को शिक्षक दिवस के मौके पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती **मनाई** गई। इस अवसर पर सभी अध्यापकों को संस्था की तरफ से उपहार देकर सम्मानित किया गया।





Scanned by CamScanner

# अक्टूबर 2020

**कुल छात्र संख्याः– 158**



09.10.2020 को World Cerebral Palsy Day मनाया गया जिसके तहत संस्था ने दिव्यांग जागरूकता रैली निकाली जो आनन्द विहार–ए से प्रारम्भ होकर दादी का फाटक तक गई जिसमे बच्चे दिव्यांगता से संम्बधित स्लोगन लिखी पटटीया लेकर चले और समाज को शरीरिक दिव्यांगता के बारे में जागरुक कीया ।





05.11.2020 को संस्था द्वारा समाज में समावेशी शिक्षा को बडावा देने व जागरुकता लाने के लिए, जिससे सामा- बच्चों के साथ विशेष बच्चों को भी शिक्षा दी जाये ओर विशेष बालक आसानी व सरलता से सीख पाये । इसका आयोजन बैनाड में किया गया ।



19.10.2020 को संस्था ने समावेशी शिक्षा को बडावा देने व समाज में जागरुकता लाने के लिए विशिष्ट बालकों की शीघ्र पहचान एवं हस्तक्षेपण जागरुकता रैली निकाली जो दादी का फाटक बैनाड रौड से प्रारम्भ होकर नाडी का फाटक तक चली ।





Scanned by CamScanner



20.10.2020 को महिला कल्याण मण्डल, अजमेर संस्था के द्वारा संचालित D.Ed.Spl.(I.D.) के Coordinator श्री भगवान जी शर्मा ने विजिट कीया व संस्था के कार्यो को देखा ।

27.10.2020 को संस्था के बच्चों द्वारा World Occupational Therapy Day, रैली निकाल कर मनाया तथा समाज में व्यवसायिक चिकित्सा का महत्व बताया जिससे समाज के लोग इस चिकित्सा का अधिक से अधिक लाभ ले सके।







| नवम्बर 2020 |
|---|

कुल छात्र संख्या:— 158



**14.11.2020** को D.Ed.Spl.(I.D.) तथा D.Ed.Spl.(HI) के Trainies को साथ लेकर संस्था ने Childrens Day मनाया जिसमें , शास्त्री नगर थाना सर्किल से प्रारम्भ कर Science Park शास्त्री नगर तक दिव्यांग जागरुकता रैली निकाली जिसमें बच्चों ने समाज के लोगो को स्लोगन लिखे चार्ट व तखतिया दिखा कर जागरुक कीया ।



Scanned by CamScanner

दिसम्बर 2020

कुल छात्र संख्याः– 158




03.12.2020 को **World Disability Day** के अवसर पर संस्था की तरफ से को संस्था द्वारा समावेशी शिक्षा को बडावा देने व समाज में जागरुकता लाने के लिए विशिष्ट बालक की शीघ्र पहचान एवं हस्तक्षेपण जागरुकता रैली निकाली जो भवानी निकेतन कालेज के गेट से प्रारम्भ होकर चोमू पूलिया तक






निकाली।




15.12.2020 को The National Trust की 20th Annual General Meeting में संस्थापक डॉ. हरि राम मीणा ने,दिल्ली में सम्पन इस आयोजन में वेबीनार के द्वारा भाग लिया, जिसमें National Trust द्वारा चलाई जा रही Schemes एवं कोविड–19 के बारे में बताया गया ।




Scanned by CamScanner

08.12.2020 को संस्था ने समाज में दिव्यांगो के प्रति जनसामान्य में जागरुकता लाने के उदेश्य से विद्याधर नगर में बियानी कालेज से प्रारम्भ कर नेशनल हेण्डलूम विद्याधर नगर तक दिव्यांग जागरुकता रैली निकाली ।



14.12.2020 को संस्था में अभिभावको के साथ मिटिंग रखी जिसमे विशेष बच्चों से घर में हो रही व्यवहारात्मक समस्या के बारे मे जाना तथा समस्यात्मक व्यवहारों को क्रियाकलापो के द्वारा नियन्त्रित करना बताया जिसमे कभी भी समस्या होने पर Online हल जानने के लिए कहा गया ।










Scanned by CamScanner

29.12.2020 को D.Ed.Spl.(I.D.) के विद्यार्थियों से परीक्षा के बारे मे जानकारी लेकर परीक्षा की सामान्य समस्या के बारे मे बताया तथा बच्चों को तिलक लगा कर विदा किया गया ।





## जनवरी 2021

**कुल छात्र संख्याः– 158**

01.01.2021 को नये वर्ष के अवसर पर संस्था ने दादी का फाटक पर संध्याकाल में निःशुल्क दुध वितरण का कार्यक्रम किया व समाज में नशा नही करने व कोरोना से बचने के उपाये के बारे में बताया ।








Scanned by CamScanner



02.01.2021से 03.01.2021 को संस्था ने D.Ed.S.E.(H.I.) Final Year के छात्रों का External Practical Exam आयोजित करवाया ।


02.01.2021 को श्री नागेन्द्र प्रताप Supervisor श्री जगदम्बा अन्ध विद्यालय समीति, श्रीगंगानगर एवं श्री रणजीत राजावत व्याख्याता सम्बल समीति, जयपुर ने संस्था का विजिट किया व संस्था के कार्यो को देखा ।





04.01.2021 को संस्था सचिव डा. मीणा ने जयपुर Central Jail मे जाकर संस्था की तरफ से कैदियों को फल वितरित किये तथा कैदियों को संस्था द्वारा किये जा रहे दिव्यांगता के क्षेत्र मे किये जा रहे कार्यो के बारे मे बताया एवं कैदियों को पश्चाताप व सुधारात्मक व्यवहार के बारे में बताया ।







Scanned by CamScanner

07.01.2021 से 08.01.2021 तक संस्था ने National Webinar का आयोजन किया गया जिसका विषय Family Centered Intervention Families of Persons with Disabilities रखा गया। इस Webinar में कुल 250 विशेष प्रोफेशनल्स ने भाग लिया । इस Webinar को Continuing Rehabilitation Education (C.R.E.) के अन्तर्गत R.C.I से मान्यता लेकर करवाया गया ।







26.01.2021 को संस्था प्रांगण में 72 वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में COVID-19 के कारण संस्था के कर्मचारियों, अभिभावको व समाजसेवियो को आमन्त्रित कीया गया । झण्डारोहण का कार्यक्रम अभिभावको व समाजसेवियो के द्वारा सम्पन कराया गया, कार्यक्रम के अन्त में संस्था सचिव ने सभी को धन्यवाद दिया ।







Scanned by CamScanner

## फरवरी 2021

कुल छात्र संख्याः– 158



03.02.2021 को संस्था सचिव डा. मीणा ने D.Ed.Spl.(I.D.) & D.Ed.S.E.(H.I.) की प्रवेश प्रकिया का सरलीकरण करने के लिए कोटा में लोकसभा स्पीकर श्री ओम जी बिडला का स्मृति चिन्ह व फूल गुच्छ भेंट कर आभार जता कर सम्मानित किया ।

08.02.2021 को संस्था ने D.Ed.Spl.(I.D.) & D.Ed.S.E.(H.I.) की First Year and Second Year की COVID-19 के कारण बन्द कक्षाओं का Ofline संचालन शुरु किया



बसन्त पंचमी पर्व पर संस्था के D.Ed.Spl.(I.D.) & D.Ed.S.E.(H.I.) की First Year and Second Year के बच्चों ने माँ सरस्वती की पुजा कर बसन्त पंचमी का त्यौहार मनाया एवं प्रसाद स्वरुप लडडू वितरित किये ।

18.02.2021 को D.Ed.Spl.(I.D.) व D.Ed.Spl.(HI) मे प्रवेश लेने वाले Trainies का संस्था की तरफ से तिलक लगाकर भेंट स्वरुप पैन देकर स्वागत कीया तत्पष्चात् एक–दूसरे से परिच करवाया। जिसमें सभी न्यू विधार्थियों को स्पेशल एजुकेशन, विकलांगता व कोर्स के बारे में बताया गया।









Scanned by CamScanner

26.02.2021 को संस्थापक महोदय ने अपने बेटे का जन्मदिन संस्था में D.Ed.Spl.(I.D.) & D.Ed.S.E.(H.I.) के सभी Trainies के साथ केक काट कर मनाया तथा सभी बच्चों को अल्पहार कराया।



28.02.2021 को संस्था के D.Ed.Spl.(I.D.) & D.Ed.S.E.(H.I.) Final Year & Second Year के Trainies द्वारा National Science Day, पर **Rajasthan Geo Special Data Centre** (Serve of India) Sector 10–ए विद्याधर नगर जयपुर मे मनाया । इसमे बच्चों ने राजस्थान व भारत के भूगोल एवं नक्सा बनाने की विधियों के बारे में जाना ।





## मार्च 2021

कुल छात्र संख्या:– 158



05.03.2021 से 11.03.2021 तक संस्था की बौद्विक अक्षम छात्रा शानु सैन ने बिलासपुर, हिमाचल में स्पेशल ओल्मपिक भारत द्वारा आयोजित Floor Ball National प्रतियोगिता में भाग लिया, इस प्रतियोगिता में छात्रा का International Floor Ball Special Olympic के लिए चयन हुआ जो संस्था के लिए गर्व का समय रहा ।



Scanned by CamScanner

22.03.2021 को श्री रवि कान्त गुण्ठे J.N.U. जोधपुर एवं श्री धनन्जय देशमुख C.R.C. अहमदाबाद गुजरात ने संस्था का विजिट किया व संस्था के कार्यो का अवलोकन किया तथा संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की ।






23.03.2021 से 03.04.2021 तक संस्था द्वारा संचालित D.Ed.Spl.(H.I.) Final Year के विद्यार्थियों ने 12 दिनो तक C.B.R. कार्यक्रम खोरा व आस पास के क्षैत्र में विकलांग बच्चों का चिन्हीकरण कर उनके अभिभावको को पुनर्वास सेवाओं की जानकारी देकर किया। समाज के लोगों को विकलांगता के कारणों, रोकथाम, हस्तक्षेपण, विशेष शिक्षण–प्रशिक्षण तथा सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी।











Scanned by CamScanner

25.03.2021 से 05.04.2021 तक संस्था द्वारा संचालित D.Ed.Spl.(I.D.) Final Year के विद्यार्थियों ने 10 दिनो तक C.B.R. कार्यक्रम खोरा व आस पास के क्षैत्र में विकलांग बच्चों का चिन्हीकरण कर उनके अभिभावकों को पुनर्वास सेवाओं की जानकारी देकर किया। समुदाय को विकलांगता के कारणों और रोकथाम, हस्तक्षेपण, विशेष शिक्षण–प्रशिक्षण तथा सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी।













Scanned by CamScanner